# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

## (ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल,शेरघाटी।)

पत्रांक- 1167 /शेरघाटी,दिनांक 18.6.2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल,शेरघाटी।

सेवा में,

Rubi kumari
At- New Bazar, Block road,Sherghati, Gaya

विषय– शीर्ष GTSNY योजनान्तर्गत Lo59 to Rakshatola Chutwatar– 0.800 km पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने के संबंध में।

प्रसंग:– पूर्व में इस कार्यालय द्वारा दिया गया पत्र एवं मौखिक / Whatsapp द्वारा दिया गया निर्देश

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में पुनः स्मारित करते हुए कहना है कि विषयांकित पथ में लंबित अनुरक्षण कार्य को 22.06.2021 तक पूर्ण करें। प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्व में भी आपको पंचवर्षीय अनुरक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसमें यह स्पष्ट कहा गया था कि अनुरक्षण कार्य 03.06.2021 तक नहीं करने पर 04.06.2021 को अंतिम मापी ली जायेगी। लेकिन फिर भी आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराना, सरासर किये गये एकरारनामा की कंडिका 52.2 का उल्लंघन है।

अतः आपको अंतिम स्मारित करते हुए कहना है कि 24 घंटा के अन्दर अनुरक्षण कार्य प्रारंभ करते हुए निर्धारित अवधि (7 दिन) में अनुरक्षण कार्य को पूर्ण कर दें, अन्यथा बाध्य होकर आपके एकरारनामा को विखंडित करते हुए पथ की अंतिम मापी दिनांक 23.06.2021 को लि जायेगी। तदउपरांत एस0बी0डी0 की सुसंगत कंडिका 52.2 एवं अन्य के आलोक में आपके विरूद्ध जब्ती की कार्रवाई करते हुए आपके निबंधन को काली सूची में डालने की अनुशंसा के साथ विभाग को संसूचित कर दिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें। अंतिम मापी के समय आप स्वयं या आपके नामित प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगे, अगर आप 23.06.2021 को उपस्थित नहीं भी रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में ही पथ की मापी ली जायेगी जो मान्य होगी।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 18/06/2021

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल शेरघाटी

ज्ञापांक 1167 /शेरघाटी,दिनांक 18.6.21

प्रतिलिपि– कनीय अभियंता / सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, गुरूआ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि 22.06.2021 तक पथ का अनुरक्षण कार्य समाप्त नहीं किया जाता है तो पथ की अंतिम मापी दिनांक 23.06.2021 को लेते हुए मापी पुस्त अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में देना सुनिश्चित करें।

(हस्ताक्षर) 18/06/2021

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल शेरघाटी

Scanned by CamScanner